9 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 4/9/2025 10:46 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 73 लाख के खर्च पर सवाल मंत्री बोले- होगी जांच






## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज रवाना होंगे श्रद्धालु

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत स्पेशल ट्रेन से सरगुजा संभाग के 780 श्रद्धालु गुरुवार को उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर तीर्थ दर्शन के लिए रवाना होंगे। इसमें सरगुजा जिले से 206 यात्री शामिल हैं। दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को प्रातः 10.45 बजे अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त एवं प्रभारी मंत्री सरगुजा ओपी चौधरी तथा कृषि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री राम विचार नेताम उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत उपस्थित रहेंगे।

## तापमान में गिरावट होने से गर्मी से मिली राहत

# विक्षोभ एवं लो प्रेशर के प्रभाव से बदला मौसम, हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव के कारण बुधवार की देर शाम आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। मौसम विज्ञानी रात में भी गरज चमक के साथ कहीं कहीं बारिश होने एवं ओले गिरने की संभावना जता रहे है।

**खास बात**
- अधिकतम 36.0 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ एवं बंगाल की खाड़ी में निर्मित लो प्रेशर के प्रभाव से एक बार फिर मौसम न हो गया है। बेमौसम बारिश से फिलहाल गर्मी से राहत मिल गई है। सोमवार को पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रभाव से तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी ने एक सप्ताह तक तापमान में वृद्धि होने के साथ भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई थी। मंगलवार को बादलों की आवाजाही शुरू होने से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को भी पूरे दिन पश्चिम की हवाएं चली लेकिन गर्मी से राहत रही। मंगलवार की रात तेज गरज चमक होने मौसम विज्ञानी मौसम में बदलाव होने की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वहीं खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के साथ ही पूर्वी बिहार से छत्तीसगढ़ होते हुए तेलंगाना तक द्रोणिका सक्रिय है। लो प्रेशर की सक्रियता से खाड़ी से नमी युक्त ठंडी हवाएं पहुंच रही है वहीं पश्चिम से लगातार गर्म चल रही है। परस्पर विरोधी हवाओं के टकराने से इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। मौसम विज्ञानी गर्म एवं सर्द हवाओं के प्रभाव से दोपहर बाद गरजने वाले बादलों का घनत्व बढ़ने की बात कह रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा बुधवार को अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया है।


बारिश के दौरान सुनसान सड़क।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी का निमंत्रण पत्र बांट कर घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम करकली के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

**खास बात**
- शादी का निमंत्रण पत्र बांट कर लौट रहे थे घर

जानकारी के अनुसार सामरी थाना अंतर्गत ग्राम कुटकू निवासी संदीप नगेसिया पिता मनोज राम नगेसिया (28 वर्ष) मंगलवार को कुसमी क्षेत्र के ग्राम पाढ़ी रिश्तेदार के यहां शादी कार्ड बांटने फुफेरा भाई दीपू नगेसिया के साथ बाइक से गए थे। शाम को दोनों घर लौटने लगे और जैसे ही कुसमी मुख्य मार्ग ग्राम करकली के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दीपू नगेसिया को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया जबकि संदीप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# कूदरगढ़ धाम जा जाते समय हादसा, डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


शहर से कूदरगढ़ धाम दर्शन करने जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। धाम पहुचंने से पहले गोखनई नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके भाई और पिता को मुश्किल से बचाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।

बताया जा रहा है कि शहर के घुटरापारा निवासी कन्हैया जायसवाल अपने परिवार के साथ सदस्यों के साथ कूदरगढ़ धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान सुबह लगभग 7.30 बजे परिवार कूदरगढ़ व इन्दरपुर मार्ग पर स्थित गोखनई नदी में नहाने के लिए रुक गया। परिवार के सभी सदस्य नदी में नहा रहे थे। इस दौरान अचानक ही कन्हैया जायसवाल का पुत्र 18 वर्षीय रोहित जायसवाल व 20 वर्षीय रिशू जायसवाल गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। बच्चों को पानी में डूबता देख पिता भी उन्हें बचाने के लिए पानी में गए। उन्होंने किसी तरह रिशु जायसवाल को खींचकर बाहर निकाला लेकिन फिर वे खुद ही डूबने लगे। इस दौरान आस पास नहा रहे लोग भी सुनकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह कन्हैया जायसवाल को बाहर निकाला लेकिन रोहित डूब गया था जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। पिता व दोनों युवकों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने रोहित जायसवाल को मृत घोषित कर दिया वहीं रिशु और कन्हैया जायसवाल की हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद परिवार सदमें में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है।



## संभागायुक्त ने लापरवाही पर जताई नाराजगी

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत रघुनाथ नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कमियां पाए जाने पर संभागायुक्त आयुक्त ने सीईओ वाड्रफनगर पर नाराज़गी जताई। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने देखा कि ग्राम पंचायत में समाधान पेटी व्यवस्थित रूप से नहीं लगाई गई है। साथ ही, प्रचार-प्रसार में कमी, पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्रों की अनुपलब्धता, भ्रमण दल का गठन न होना, और आवेदन पत्र भरवाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित न करना जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। इसके अतिरिक्त, आयुक्त ने ग्राम बेबदी का भी दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मार्च माह का राशन अब तक 171 हितग्राहियों को प्राप्त नहीं हुआ है।






9-Ambikapur-bhoomi-FULL-pg-2_Layout 1 4/9/2025 10:48 PM Page 1





9 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/9/2025 10:10 PM Page 1



## खबर संक्षेप





### भाजपा मंडल परसा, सीतापुर एवं राजापुर के नए अध्यक्ष नियुक्त

**अम्बिकापुर।** भाजपा को सशक्त और संगठित बनाने की दिशा में पार्टी ने नवगठित तीन मंडलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अनुशंसा पर पार्टी ने परसा मंडल का संतोष जायसवाल, सीतापुर मंडल का त्रिलोचन सदावर्ती एवं राजपुर मंडल का भगत राम पैकरा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने बताया कि मनोनीत मंडल अध्यक्ष पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा एवं नेतृत्व के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए कार्य करेंगे, और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम




**सूरजपुर।** श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली निकाली गई। जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा स्नेह सम्बल वृद्धआश्रम, ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय बिश्रामपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय से श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर रैली समापन उपरान्त जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा जॉच कैम्प एवं सन्गोष्ठी कार्यक्रम किया गया। श्रीमती विनीता वार्नर ने बदलते मौसम के साथ बढ़ती मौसमी बीमारियों से सतर्क रह कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल ने स्नेह सम्बल वृद्ध आश्रम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजन को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### भाजपा स्थापना दिवस पर बूथों में किया गया ध्वजारोहण



**अम्बिकापुर।** भाजपा स्थापना दिवस पर बूथों में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने बताया कि भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सरगुजा संभाग के सभी जिलों के 3743 में से 90 फीसदी बूथों में 6 व 7 अप्रैल को ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया। आने वाले दिनों में सेवा, स्वच्छता, समरसता तथा जनसंपर्क के कार्यक्रम होंगे।

### एक माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, दर-दर भटक रहे परिजन



प्रतापपुर। चंदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पहिया से लापता युवक की एक माह बाद भी पता नहीं चल सका। परिजन ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पहिया निवासी राम विचार पोर्टे आ. रामकुमार पोर्टे (19 वर्ष) 4 फरवरी को घर से निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन को लगा कि वह कहीं चला गया होगा। इधर युवक के वापस नहीं होने परिजन ने जब गांव व आसपास के इलाकों में तलाश किया लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला। परिजन का आरोप है कि युवक के लापता हो गया और खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गए लेकिन पुलिस से खुद ही खोजबीन करने की बात कही। परिजन पुलिस से कई बार युवक की तलाश करने की गुहार लगाई लेकिन पुलिस द्वारा किसी प्रकार की मदद नहीं की। बल्कि उल्टा परिजन को फटकार लगाकर भगा दिया। परिजन का कहना है कि लापता युवक के मोबाइल पर एक बार एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था, जिसमें उसने परिजनों से कहा कि वह परेशानी में है और पैसे भेजने को कहा। इसके बाद से कोई संपर्क नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि चंदौरा पुलिस पिछले एक माह से लापता युवक को खोजने के लिए कोई पहल नहीं की है। साथ ही ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओपी सौरभ वीके ने बताया कि कहा कि मामले का पता करवाता हूं। चंदौरा थाना में पुलिस को ढूंढने में मदद करनी चाहिए। परिजन के साथ मिलकर युवक की तलाश की जाएगी। थाना में गुमशुदगी लिखी गई है या नहीं इसे लेकर जांच कराई जाएगी।

## शौचालय में पसरा गंदगी, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय की हालत दयनीय



बस स्टैण्ड स्थित बदहाल सुलभ शौचालय, इनसेट में बजबजाती नाली।



बस स्टैण्ड में फैली गंदगी एवं कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत के बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय की हालत दयनीय हो गई है। पानी टंकी के समीप विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल नगर पंचायत द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में हजारों यात्री सहित लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। परंतु देख रेख के अभाव में शौचालय की हालत जर्जर हो गई है वहीं हर समय शौचालय के बंद होने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

**खास बातें**

- मरम्मत के बाद भी शौचालय की हालत हो गई बद से बत्तर
- गंदगी व दुर्गंध से लोग परेशान

स्थानीय बस स्टैंड में हर रोज बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है। ऐसे में यात्री सहित लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से शौचालय का निर्माण कराया गया है। लंबे समय से सही तरीके से देखरेख नहीं होने से शौचालय की स्थिति बद से बत्तर हो गई है। नगर पंचायत में एक ही सुलभ शौचालय है जिसके मरम्मत के नाम से राशि आहरण की कई परंतु घटिया मरम्मत होने के कारण स्थिति कुछ माह के भीतर ही ज्यों कि त्यों हो गई। लोगों का कहना है कि जितनी राशि मरम्मत के नाम पर खर्च की गई है उतना राशि में तो नए शौचालय भवन का निर्माण हो सकता था। साफ सफाई नहीं होने के कारण सुलभ शौचालय में गंदगी का अंबार सहित आए दिन ताला बंद रहता है। गुणवत्ताहीन कार्य होने के कारण शौचालय भवन जर्जर हो गई है। विकासखंड शिक्षा कार्यालय के पास शौचालय होने तथा शौचालय के बंद होने से कार्यालय के पास पास लोग गंदगी फैलाना शुरू कर दिए है जिससे लोग दुर्गंध व गंदगी से परेशान है।

### महिलाओं को होती है परेशानी

शौचालय के जर्जर और हमेशा बंद होने से महिला को शौचालय जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुरुष किसी तरह इधर उधर जाकर बाथरूम करते है लेकिन भीड़ भाड़ क्षेत्र होने के कारण महिलाएं खुले में नहीं जा सकती जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। बस से सफर करने वाली महिलाएं स्थानीय बस स्टैंड में शौच के लिए शौचालय ढूंढती है लेकिन कहीं नहीं मिलने के कारण जहां थोडी आढ़ मिलती है वहीं बैठ जाती है। कई बार तो महिलाओं को छींटाकशी का भी सामना करना पड़ता है।

### कई बार हो चुकी है मरम्मत

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में एक शौचालय है जहां पहले बस स्टैंड आने वाले यात्री सहित स्थानीय लोग शौचालय का उपयोग करते थे। लेकिन मरम्मत के अभाव में शौचालय की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। पूर्व में भी शौचालय भवन की मरम्मत कराई गई थी परंतु मरम्मत कार्य गुणवत्ता हीन होने के कारण शौचालय की स्थिति दयनीय हो गई। लोगों का कहना है कि मरम्मत के नाम पर राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया गया जबकि शौचालय भवन की मरम्मत में कितनी राशि खर्च की गई इतने में नए शौचालय भवन बन जाती।

### स्वच्छता सर्वेक्षण बना फोटोशूट अभियान

शहर के बीचों बीच स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय के समीप बने सुलभ शौचालय की हालत दयनीय है कि लोग मजबूरी स्टेडियम ग्राउंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों का उपयोग करते हैं। स्वच्छता के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। नगर पंचायत में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीमों के आगमन के वक्त थोड़े समय के लिए कुछ बोर्ड और डस्टबिन्स लगाए जाते हैं और तस्वीरें ली जाती हैं। जिसके बाद फिर सबकुछ पूर्ववत हो जाता है। हकीकत में न सफाई दिखती है न ही शौचालयों की कोई सुध ली जाती है।

### नगर की सफाई व्यवस्था बत से बत्तर

नगर में सफाई की स्थिति बद से बत्तर हो गई है। गर्मी शुरू होने के बाद भी नालियां बाजबजा जाती हुई नजर आ रही है। नालियों के दुर्गंध से लोग परेशान है। कई जगह के ढक्कन उखड़ गए हैं जिसका रिपेयरिंग का नाम से राशि खर्च करने के बावजूद भी नालियो सहित आसपास क्षेत्र में कचरे का ढेर जमा हो जाता है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। दुर्गंध से अब लोगों का सांस लेना दुबर हो रहा है और कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बनाए जाएंगे नए शौचालय

नगर के लोगों द्वारा लंबे समय से नए शौचालय की मांग की जा रही है। जल्द ही नए शौचालय बनाया जाएगा। पुराने शौचालय का क्या मामला है इसकी जानकारी ली जाएगी।
**-यूसीप्रिया एक्का**, नपं सीएमओ

## दुकानदारों को लेना पड़ेगा 1 व 2 रुपए का सिक्का : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिले में 1 और 2 रुपए के छोटे मूल्य के सिक्कों के दुकानदारों और व्यापारियों द्वारा न लेने की शिकायत पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि एक और दो रुपये के सिक्कों को प्रचलन से बाहर मानकर लेने से इंकार करने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस सम्बन्ध में आदेश जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि जिले का कोई भी दुकानदार या व्यापारी जब तक ये सिक्के आधिकारिक रूप से प्रचलन से बाहर नहीं हो जाते, तब तक उन्हें ग्राहकों से स्वीकार करें अन्यथा, संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले के दुकानदारों, व्यापारियों द्वारा छोटे भारतीय मुद्रा यथा 1 एवं 2 रूपये के सिक्के को चलन से बाहर मानकर लेने से इंकार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में निरंतर मौखिक एवं दूरभाष पर शिकायत प्राप्त हो रही थी। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक सिक्के का अनुमोदन कर प्रचलन के लिए बैंकों में भेजती है। इसके बाद बैंकों से ही सिक्के बाजार में चलन के लिए आता है। किसी व्यापारी द्वारा मनमानी ढंग से सिक्कों को लेने से इनकार किया जाना राजद्रोह की श्रेणी में आता है। इसके लिए भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 124-ए वर्तमान में संशोधित भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152 के तहत 03 साल से लेकर आजीवन कारावास तक के दण्ड से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में जिले का कोई भी दुकानदार या व्यापारी जब तक 1 एवं 2 रूपए के सिक्के प्रचलन से बाहर नहीं हो जाते हैं, उनके द्वारा ग्रहण किया जाए। अन्यथा मुद्रा ग्रहण नहीं करने की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

### नपं बिश्रामपुर में सुशासन तिहार पर लिए जा रहे समस्या सम्बन्धी आवेदन

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत मंगलवार से नगर पंचायत बिश्रामपुर के लोगों ने अपनी समस्याओं की निराकरण के लिए आवेदन देना शुरू किया है। नपं सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि नपं बिश्रामपुर में रखे समाधान पेटी में डाले गए समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर जल्द ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं जिला कार्यालय में भी सुशासन तिहार प्रारंभ कर समाधान पेटी स्थापित कराया गया है। नपं क्षेत्र अंतर्गत समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, पानी, बिजली, राशन कार्ड, पाइपलाइन मरम्मत, निराश्रित पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल तक पहले चरण में आवेदन लिए जाएंगे। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा। नपं क्षेत्र अंतर्गत तीन स्थानों पर समाधान पेटी रखकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिसमें आजाद ग्राउंड स्थित सामुदायिक भवन, ग्लोब स्कूल, नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार के पहले दिन 87 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग 75 एवं शिकायत के 12 आवेदन शामिल हैं। उसी प्रकार बुधवार को दूसरे दिन 63 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग सम्बन्धी 58 एवं 5 शिकायत संबंधी आवेदन हैं।

## भाजपा शहर मंडल में हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन



**अम्बिकापुर।** भाजपा के स्थापना दिवस सप्ताह में मंगलवार को शहर मंडल द्वारा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें माँ महामाया एवं माँ समलाया बूथों के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं बूथ कमेटियों ने भागीदारी की।

सम्मेलन में भाजपा का इतिहास एवं विकास 1980 से 2025 पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि यह एक वैचारिक आंदोलन है जो राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारत को विश्वगुरू बनाने के यज्ञ में अग्रणी भूमिका निभा रही है। भाजपा का हर कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने को कटिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी ने पार्टी की वैचारिक यात्रा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रनिष्ठ बलिदान का वर्णन किया। जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने संगठन पर्व को आत्मनिरीक्षण और संकल्प का पर्व बताते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी के सिद्धांतों और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कंसारी एवं कमलेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन विकास वर्मा ने किया। इस दौरान करताराम गुप्ता, सोमनाथ सिंह, आलोक दुबे, हरमिंदर सिंह, रमेश जायसवाल, अजय सिंह, रूपेश दुबे, प्रयागराज साहू, अशोक दुबे, दीपक सिंह तोमर, शैलेन्द्र शर्मा, मुरारीलाल बंसल, निर्मल पाण्डेय, नरेंद्र सिंह टुटेजा, राहुल त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## विधायक उद्धेश्वरी ने दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने भेंट मुलाकात के तहत सामरी क्षेत्र के दूरस्थ अंचल लक्ष्मणपुर, बेतपानी, टाटीझरिया, गजाधरपुर के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास एवं महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए शासन द्वारा दी गई स्वीकृत आवास को जल्द से जल्द बनाने की बात कही। ग्रामीणों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा से ग्राम पंचायत से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के बारे में कई प्रकार की मांग रखी। जिस पर पहल करते हुए कुछ समस्या को मौके पर निराकरण करते हुए शेष समस्या को जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही।

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा नवरात्र के अवसर पर सामरी में कराए जा रहे 16 जोड़ी विवाह में शामिल होकर वर वधू को दी गई आशीर्वाद दिया। इसके अलावा कुसमी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक कुसमी में किसानों एवं ग्रामीण जनता के बीच सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा पहुंच कर हाल चाल जाना। किसान सहित ग्रामीणों ने बैंक में हो रही परेशानी से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले सभी के खाता से बिना खाद एवं नगद राशि लिए बिना एक एक लाख रुपए खाता से आहरण कर लिया गया है जिससे परेशान है। जिसकी शिकायत बलरामपुर कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी से किया गया लेकिन आज तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिल सकी। वर्तमान में पदस्थ बैंक के अधिकारी कर्मचारी एवं गार्ड द्वारा सभी के खाते को होल्ड कर दिया है। खाता से होल्ड हटाने हेतु 2000 दो हजार रुपए लिया जा रहा है।

ड्रावल फॉर्म देने में 20 से 50 रुपए गार्ड द्वारा वसूली की जा रही है। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत अधिकारी के पास हो चुकी है जिसका उच्च स्तरीय जांच चल रही है। साथ बैंक से खाता होल्ड हटाने एवं फार्म देने पर 20 से 50 रूपए लेने पर अधिकारी व कर्मचारियों को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक त्रिपाठी को किया गया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं सरगुजा भाजपा के आधार स्तंभों में से एक स्व.रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने स्व.त्रिपाठी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि स्व.रविशंकर त्रिपाठी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि संगठन के सच्चे सिपाही और विचारधारा के सजग प्रहरी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भाजपा के विस्तार और क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित किया। उनके विचार, जीवनशैली और कार्यशैली आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रद्धांजलि सभा में स्व.त्रिपाठी के राजनीतिक , सामाजिक और संगठनात्मक योगदान को स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान वरिठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, अजस सिंह, प्रयाग साहू, श्वेता गुप्ता, शशि जायसवाल, निश्चल प्रताप सिंह, विकास वर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, मनोज सोनी, संजीव वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्व. रविशंकर स्मृति सेवा समिति ने पुण्यतिथि पर रवि भैय्या को दी श्रद्धांजलि

स्व. रविशंकर स्मृति सेवा समिति द्वारा पूर्व विधायक एवं सरगुजा भाजपा के आधार स्तंभों में से एक स्व. रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर रूनझून तालाब के किनारे श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मेजर अनिल सिंह, अजय अग्रवाल, भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती मंजूषा भगत, आलोक दुबे, राहुल त्रिपाठी, रमेश जायसवाल, हरमिन्दर सिंह टिन्नी, अनिल अग्रवाल, राज बहादुर सिंह, कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र सोनी, जन्मजय मिश्रा, संतोष सिंह, विकास वर्मा, विकास पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, चन्द्रशेखर तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, अभिषेक जायसवाल, अनिल पाण्डेय, श्वेता शुक्ला, मधु चौदहा, पिन्टू विश्वकर्मा, बंटी श्रीवास्तव, मनीष सिंह एवं समिति के देवेन्द्र सिंह, विद्यानन्द मिश्रा, विशाल गोस्वामी, आकाश गुप्ता, राजेश कश्यप व अन्य उपस्थित थे।





## राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखे सामानों को हटाने दुकानदारों को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य मार्केट में सड़क किनारे दुकान लगाने वालों व एन एच सड़क पर दूकान के बाहर सामान रखकर रास्ता अवरोध करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

- सामानों को व्यवस्थित नहीं करने पर की जाएगी जप्ती की कार्रवाई

पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए दुकानदारों को पंद्रह दिन के भीतर व्यवस्था को सुदृढ़ कराए जाने का मौका दिया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य मार्केट में एनएच 43 किनारे स्थित दुकानदारों द्वारा लंबे अरसे से दुकानों को सड़क तक पहुंचा दिया जाता है जिस वजह से रास्ता में अवरोध हो जाने पर आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तारतम्य में बुधवार को पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह द्वारा नगर पंचायत शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा व पुलिस बल के साथ मार्केट में घूमकर दुकानदारों को सड़क किनारे से दुकानों को हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा दुकानदारों को पंद्रह दिन का मोहलत देते हुए दुकानों के बाहर सड़क तक सामान नहीं रखने व व्यवस्था सुदृढ़ रखने की सलाह दी है।पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह ने बताया कि दुकानदारों द्वारा निर्धारित मोहलत में यदि अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को व्यवस्थित नहीं किया जाएगा, तब उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में उचित अर्थदंड व जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि दुकानदारों को सामान को सड़क किनारे हटाए जाने के साथ ही पान गुटखा दुकान संचालक जो शिक्षा संस्थान के पास संचालित हो रहे हैं, उनको कोटपा एक्ट की जानकारी देते हुए नियम का पालन करने समझाइश दी गई है।

## सुशासन तिहार पर पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगाई गई समाधान पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत 8 अप्रैल से समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन करने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो गई। आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल तक चलेगी। आवेदक चिन्हित स्थानों पर जाकर अपनी मांग एवं समस्याओं को लेकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्ट्रेट, नगरीय निकाय, जनपद से लेकर तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी रखे गए हैं, जिसमें आवेदक तय फॉर्मेट से अपना आवेदन जमा कर सकते है।

- कलेक्टर सहित अधिकारी कर रहे है सतत मॉनिटरिंग

कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिले के सभी नगरीय निकाय में सीएमओ, जनपद में तहसीलदार व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनपद सीईओ को नोडल बनाया गया है। साथ ही 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। आज कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित नोडल अधिकारी सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया और इन केंद्रों में व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा पंडो नगर, अजबनगर इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या के निदान के लिए पहुंच रहे आवेदक सुगमता पूर्वक अपने आवेदन, समाधान पेटी से कर सके और उन्हें अपने आवेदन की पावती प्राप्त हो।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम 11 को

**बैकुण्ठपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शहर के बाजारपारा स्थित श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समिति के संजय गुप्ता एवं सुधीर गुप्ता ने बताया कि श्री हनुमान सेवा समिति बाजारपारा 11 अप्रैल को प्रातः 7 बजे बाजारपारा स्थित हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण की शुरूआत होगी, वहीं दूसरे दिन 12 अप्रैल को अखण्ड रामायण पूर्ण होने पर महाआरती एवं लड्डुओं का महाभोग चढ़ाया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### दुर्घटना रोकने बनाई जा रही अवरोधक पट्टी

**बैकुण्ठपुर।** सुरक्षित सड़क यातायात के लिए मुख्यमार्ग के चौराहे पर सुरक्षा की दृष्टि से सफेद अवरोधक पट्टी बनाई जा रही है। जानकारी के अनुसार छिन्दडॉड़ मुख्य मार्ग पर अंग्रेजी शराब दुकान के मोड़ के पास मुख्य सड़क पर सफेद पट्टी बनाई जा रही है, ताकि वाहन चालक को दूर से ही इसकी जानकारी हो सके और अपनी वाहन की गति को उक्त जगह पर धीमा कर आवागमन करें। उल्लेखनीय है कि छिन्दडॉड़ में मुख्य मार्ग पर जिस जगह सफेद पट्टी बनाई जा रही है, वहां पर चौराहा है, ऐसे में अवरोधक के लिए मुख्य मार्ग के दोनों ओर सफेद पट्टी लगाई जा रही है, जिससे कि वाहन चालक उक्त स्थल पर अपनी वाहन को नियंत्रित गति पर रखे। उल्लेखनीय है कि एनएच 43 पर खरवत चौक के आगे मनेन्द्रगढ़ मार्ग पर दो जगहों पर सफेद पट्टी बनाई गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति खलखो पति संगम खलखो, जाति उरांव, निवासी ग्राम ठाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 20/04/2015 के माध्यम से भूमि स्वामी अनुनिमा किण्डो पति अनुप कुमार किण्डो से ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 630 में से रकबा 0.02 आरे (6 डिसमिल) क्रय किया गया था। उक्त भूमि के नामांतरण पश्चात राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 630/3 आवेदक के नाम पर दर्ज किया गया, जिसका रकबा त्रुटिवश 0.020 हे. दर्ज हो गया है। आवेदिका के द्वारा राजस्व अभिलेखों में दर्ज रकबा 0.020 को सुधार करते हुए वास्तविक रकबा 0.024 हे. (6 डिसमिल) दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/05/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

### नि:शुल्क सेवा दे रहे कर्मियों को मिलेगी जेडीएस से नियुक्ति

# 73 लाख के खर्च पर सवाल मंत्री बोले- होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बैठक लेते स्वास्थ्य मंत्री।

एमसीबी जिले के खड़गवां अस्पताल में जीवन दीप समिति (जेडीएस) की सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। इसमें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- खड़गवां-चिरमिरी में जीवन दीप समिति की बैठक


बैठक में समिति के 20 एजेंडों पर चर्चा की गई। इस दौरान आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, इसमें 73 लाख 745 रूपए के खर्च पर आपत्ति जताई गई।

समिति के सदस्य अरूणोदय पांडे ने लेखा-जोखा में पारदर्शिता की कमी और खर्च की अस्पष्टता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जेडीएस की आय से कौन-कौन से कार्य कराए गए, इसकी जानकारी सदस्यों को नहीं दी गई। इस पर मंत्री जायसवाल ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया। मंत्री श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि जेडीएस की आय दवाइयों पर खर्च नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसके लिए सीजीएमएससी पहले से कार्यरत है। उन्होंने कहा कि तीन लाख से अधिक के किसी भी निर्माण या क्रय कार्य में कम से कम दो समिति सदस्यों के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो कर्मचारी पिछले दो-तीन वर्षों से निःशुल्क सेवा दे रहे हैं, उन्हें अब जेडीएस से 3000 मासिक मानदेय पर नियुक्त किया जाएगा। बैठक में अस्पताल परिसर में बने कॉम्प्लेक्स की नीलामी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोषित होने के बाद समिति के पुर्नगठन का निर्णय लिया गया।

### चिरमिरी जिला अस्पताल में हुई बैठक

चिरमिरी जिला अस्पताल में भी जेडीएस की सामान्य सभा एवं कार्यकारी बैठक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, डीपीएम डॉ. पुष्पेन्द्र सोनी, एसडीएम चिरमिरी, डॉ. जेके यादव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पुरानी सीएचसी स्तरीय समिति को भंग कर नई जिला स्तरीय समिति के गठन का निर्णय। कैंटीन संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया अपनाने का प्रस्ताव पारित। सेमी प्राइवेट वार्ड शुल्क निर्धारण और दो वीआईपी कक्षों में एसी लगाने का निर्णय। अस्पताल संचालन के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन की पूर्ति के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही गई। अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया से व्यवस्था करने का निर्णय।

# फिर बदला मौसम : बूंदाबांदी के साथ चलीं तेज हवाएं



### दोपहर में धूप की रही तेज तपिश

दिनभर छाए रहे बादल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम के सिस्टम में बदलाव के कारण बुधवार को पूरे दिन आसमान में हल्के बादल छाए रहे, जिससे कि तेज धूप से राहत मिली, वहीं अपरान्ह के समय हल्के बादलों के बीच जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, तो कुछ जगहों पर कुछ मिनट के लिए बौछार पड़ी।

उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र का समापन होने के बाद सूर्य के तीखे तेवर लोगों को झुलसाने लगे हैं। नवरात्र के दौरान मौसम में नमी के कारण हल्के बादलों के कारण अधिक गर्मी नहीं लग रही थी, लेकिन बीते 6 अपैरल से आसमान साफ हुई और धूप निकला तो गर्मी से लोगों को बेहाल होना पड़ा, इसके दूसरे दिन 7 अप्रैल को तापमान का पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद मौसम में बदलाव आने के कारण तापमान में गिरावट होने से थोड़ी राहत मिली। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहा। इसके बाद आसमान साफ रहने से तेजी से दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे कि सूर्य की तेज चमक के कारण लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### मौसम के बेरूखी से किसान चिंतित

अभी रबी की प्रमुख फसल गेहूं-चना की कटाई के लिए तैयार है और इसी बीच मौसम में बदलाव को देखकर किसान चिंतित हो रहे हैं। बुधवार को जिले के कुछ क्षेत्रों में बौछार पड़कर रूक गया। इस दौरान यदि तेज बारिश होती तो गेहूं, चना की फसल को नुकसान पहुंचा सकता था। यही कारण है कि खेतों में पककर खड़ी फसल के चलते मौसम के बदलाव को देखकर चिंता की लकीरे खींच जाती है।

# गांव-गांव पहुंच रही सुशासन संगवारी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी जिला प्रशासन ने समाधान ऑन व्हील्स के माध्यम से एक नई पहल की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य जिले के दूरस्थ अंचलों तक प्रशासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। इस पहल के तहत सुशासन संगवारी टीम ने सोनहत और बैकुंठपुर जनपद पंचायत के गांव-गांव पहुंचकर आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए और उन्हें आवेदन भरने में सहायता प्रदान की।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। 8 से 11 अप्रैल तक लोग अपनी समस्याओं, शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डाल सकते हैं, इसके अलावा कलेक्टरेट परिसर, एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर पालिका और नगरीय निकाय वार्डों आदि स्थानों में समाधान शिविर लगाए गए हैं, जहां निःशुल्क आवेदन लिया जा रहा है और कर्मचारियों द्वारा मदद भी दी जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सुशासन तिहार के दौरान अपनी समस्याओं, शिकायत व मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त करना और उसका त्वरित निराकरण करना है। साथ ही समाधान ऑन व्हील्स के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई सुशासन गीत के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है। समाधान ऑन व्हील्स की यह पहल प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी तरीका बनकर उभरी है। ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय कार्य बताया है।



आवेदन जमा करते महिलाएं।

### हेल्पलाइन से मिलेगी मदद

जिले वासियों को सुशासन तिहार से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल के तहत हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से लोग अपने सवालों का समाधान पा सकते हैं, जैसे कि आवेदन कहां करें, कैसे भरें, आवेदन कहां मिलेगा, आवास के लिए क्या करना पड़ेगा, पानी के लिए कैसे आवेदन बनाएं और आवेदन को कहां जमा करना है आदि। इस बारे में हेल्पलाइन नंबर पर आवश्यक जानकारी दी जा रही है, इसके साथ इन नंबरों पर दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों के घर पहुंचकर सुशासन संगवारी द्वारा आवेदन लिखने व जमा करने में मदद भी की जा रही है। जनपद पंचायत सोनहत क्षेत्र के लिए हेल्पलाइन नंबर 9691453929 और 9770318723 उपलब्ध हैं, जबकि बैकुंठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए 7089610076 और 9340799216 नंबर जारी किए गए हैं।

### सुशासन तिहार: ग्रामीणों ने समाधान पेटी में जमा किए आवेदन



राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत बुधवार को जिले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समाधान पेटी में अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा किए। ग्राम ओड़गी के केनापारा निवासी बुजुर्ग श्रीमती धनासो बाई ने कहा कि हमर आवेदन के समाधान विष्णु सरकार ह जरूर करही दाऊ और अपनी उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका आवेदन स्वीकार होगा। ग्रामीणों का मानना है कि सुशासन तिहार के तहत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। मनिहारपारा की उमा बाई ने आवास और शौचालय निर्माण की मांग की, जबकि सागरपुर निवासी श्रीमती मानती बाई ने घर में हैंडपंप या पेयजल नल लगाने के लिए आवेदन किया, वहीं कमलेश राजवाड़े ने कहा कि आवास और शौचालय के लिए आवेदन जमा करने आए हैं, उन्हें उम्मीद है कि उनका आवेदन का समाधान जरूर होगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र के लिए जिला मिशन समन्वयक, जेंडर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मल्टी टास्क स्टाफ के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म मूल्यांकन कर प्राविधिक सूची तैयार करते हुए 3 जनवरी 2025 को दावा आपत्ति के लिए प्रकाशित की गई थी। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची 16 जनवरी को प्रकाशित की गई।

# गर्मी से राहत देने सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल




खुला सार्वजनिक प्याऊ।

कोयलांचल नगरी चिरमिरी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की श्रद्धा महिला मंडल एवं संपदा महिला समिति द्वारा जनहित में एक सराहनीय कार्य किया गया।

स्थानीय एनसीपीएच कॉलरी और कुरासिया कॉलरी में मंगलवार से सार्वजनिक प्याऊ की शुरूआत की गई, जो आगामी तीन महीनों तक लगातार संचालित रहेगा। इस प्याऊ का विधिवत उद्घाटन श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राहगीर, बच्चे और बुजुर्ग उपस्थित रहे, जिन्होंने प्याऊ की ठंडी जल व्यवस्था के साथ-साथ जलजीरा, शरबत, फल मिक्सर और बूंदी का भी स्वाद लिया।

श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि भीषण गर्मी में किसी को भी पीने के पानी की परेशानी न हो, इसके अलावा पशु-पक्षियों के लिए भी अलग से पानी की व्यवस्था की गई है, ताकि वे भी इस गर्मी में प्यासे न रहें। इस सेवा भावना से प्रेरित पहल की स्थानीयजन ने खूब सराहना की है।

**TOP IN SURGUJA**





































9-Ambikapur-bhoomi-FULL-pg-5_Layout 1 4/9/2025 10:50 PM Page 1

















## खबर संक्षेप

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 12 को

**बिश्रामपुर।** नगर के संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में 11 अप्रैल शुक्रवार प्रातः 9 बजे से अखण्ड रामायण प्रारंभ किया जाएगा। 12 अप्रैल शनिवार प्रातः 8 बजे से सहस्त्रार्चन पूजन एवं अभिषेक एवं दोपहर 12 बजे से हवन पूजन एवं अखण्ड रामायाण पाठ समापन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से अखण्ड भण्डारा प्रारंभ होगा।

### महापौर एवं सभापति ने किया निर्माणाधीन योग उद्यान का निरीक्षण



**अम्बिकापुर।** महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह, श्रीमती प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े ने बुधवार को शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर का भ्रमण किया। प्राचार्य आरजे पाण्डेय, विभागाध्यक्ष दिव्यांशु प्रसाद एवं अन्य कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ परिसर में बनाए जा रहे उद्यान का भ्रमण किया। योग उद्यान निर्माण हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। महापौर ने कहा कि शहर के मध्य गांधी चौक के पास योग उद्यान निर्माण होने से शहर को अलग पहचान मिलेगी। इस दौरान कमलेश सोनी, श्रीमती आरती चौबे, कांता तिर्की, दीपक सोनी, संजीव सिंह, संदीप सार्वा, कुमार प्रियतम, एस रामटेक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ 62 वाहिनी मुख्यालय में मनाया गया शौर्य दिवस



**अम्बिकापुर।** सीआरपीएफ 62वीं बटालियन में बुधवार को कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री सिंह ने शहीद स्मारक पर फूल माला चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा शौर्य दिवस का महत्व बताया। उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वीर जवानों की वीरता एवं अदम्य साहस को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित 62 बटालियन के बहादुर सिपाही रॉबिन सिंह, सिपाही कौशिक मंडल, सिपाही मिथलेश पाल, सिपाही शिवपाल उईके, सिपाही खोत सागर, सिपाही मिलन सिंह नेताम एवं सिपाही पटेल विशाल राम सिंह द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनाती के दौरान देश विरोधी ताकतों के विरूद्ध चलाए गए अभियान में बहादुरी एवं वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक प्रदान करने पर उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने 6 अप्रैल 2010 को दंतेवाड़ा के ताड़मेटला में देश की रक्षा करते हुए शहादत देने वाले 62वीं बटालियन के 75 वीरों को याद कर उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### सुरक्षा अधिकारी को फोन से गाली देने व धमकाने मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** गत चार अप्रैल को देर रात एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को फोन पर गाली गलौज करने व गायत्री खदान से कोयला चोरी में अवरोध उत्पन्न करने की बात कहते हुए धमकाने मामले में प्रार्थी एसईसीएल कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह की रिपोर्ट पर धमकी देने वाले आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,351(4) के तहत बिश्रामपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

---

जगह जगह भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के प्रथम सरगुजा आगमन पर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गृह निर्माण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के प्रथम सरगुजा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सरगुजा की सीमा तारा से लेकर भाजपा कार्यालय तक ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। भारी बारिश के बाद भी लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। स्वागत का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

**खास बात**
- जमकर हुई आतिशबाजी

बता दें कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और युवा नेता अनुराग सिंह देव को प्रदेश सरकार द्वारा गृह निर्माण मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने अनुराग सिंहदेव की पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण भाव को देखकर उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। आयोग की घोषणा होने के बाद से ही सरगुजा में हर्ष का माहौल है और अनुराग सिंहदेव के समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें दिया जा रहा था। इस दौरान श्री सिंहदेव के प्रथम सरगुजा आगमन को लेकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही थी। बिलासपुर चौक से लेकर घड़ी चौक तक व शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने के साथ ही सजावट की गई थी। नियुक्ति के बाद पहली बार रायपुर से सरगुजा पहुंचे गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री सिंहदेव का जिले में जोरदार स्वागत किया गया। जिले की सीमा तारा में प्रवेश करते ही भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ढोल नगाड़ों, पटाखों और फूल माला से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सरगुजा पहुचने के बाद श्री सिंहदेव का उदयपुर, लखनपुर, मेंड्राकला, सांड़बार व शहर में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शिवमंगल सिंह, सिकंदर जायसवाल, अभय साहू, सूर्यप्रकाश साहू, अनिता भारती, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अनुराग सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**शहर में निकाली गई रैली**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के प्रथम सरगुजा आगमन पर भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली बिलासपुर चौक से प्रारंभ हुई। रैली बिलासपुर चौक, अस्पताल चौक, जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंची। इस दौरान भाजपा कार्यालय में भी उनका जोरदार स्वागत किया गया। जगह जगह भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा करने के साथ ही उनका सम्मान किया। इस दौरान गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने सरगुजा की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी हूँ, भाजपा संगठन की देन है। जो दायित्व मुझे मिला है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। जनसेवा और विकास ही मेरी प्राथमिकता रहेगी।

---



## अमेरा खदान से कोयला चोरी के मामले में 6 लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

कोयला खदान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके खिलाफ प्रतिबन्धात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक जब्त किया है।

बता दें कि अमेरा स्थित कोयला खदान में आए दिन संगठित गिरोह द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। चोर बेखौफ होकर खदान से कोयला चोरी करते है। एसईसीएल सुरक्षा प्रभारी रिजवान खान ने 9 अप्रैल की सुबह पुलिस को सूचना दी थी कि चिलबिल, कटकोना, परसोड़ी गांव के लोगों द्वारा कोयला की चोरी की जा रही है और रोके जाने पर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए है। इस सूचना के बाद थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 6 लोगों को कोयला खदान क्षेत्र से पकड़ा। आरोपी खदान के सुरक्षाकर्मी से गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया गया लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें प्रतिबन्धात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में दरिमा तुनगुरी निवासी 25 वर्षीय राजेश यादव आ. राम जगत यादव, 24 वर्षीय जगरदेव यादव आ. शिवजगत यादव, ग्राम पुटा निवासी 25 वर्षीय नरेश यादव आ. मुनेश्वर यादव, लहपटरा निवासी 27 वर्षीय धरम राजवाड आ. संतबिलास राजवाड़े, तुनगुरी निवासी 28 वर्षीय गणेश यादव आ. कमलेश यादव, 20 वर्षीय धनेश्वर यादव आ. रामजगत यादव को धारा 170/126,135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है और 7 बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रवि सिंह, पीताम्बर सिंह, विजय राज मरावी, आरक्षक दशरथ राजवाड़े डॉक्टर सिदार, चित्रसेन प्रधान सक्रिय रहे।

---

### श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**रामानुजगंज।** श्याम परिवार द्वारा नगर में पहली बार श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारी को अंतिम रूप जोर-शोर से दिया जा रहा है। नगर के राम मंदिर, मां महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर, रानी सती मंदिर एवं प्राचीन हनुमान मंदिर की सजावट किया जा रहा है। इसके अलावा गांधी मैदान में भव्य एवं आकर्षक पंडाल लगाने का कार्य एक-दो दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में अजीत गुप्ता एवं अजीत अग्रवाल ने बताया कि नगर में पहली बार श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन बृहद स्तर में किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दूसरे प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्री श्याम ध्वजा यात्रा 10 अप्रैल की शाम को 3 बजे राम मंदिर से निकल जाएगी जो रानी सती मंदिर समाप्त होगी। 11 अप्रैल को देश के जाने-माने भजन गायकों द्वारा अपनी प्रस्तुति गांधी मैदान में देंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन पूरे नगर वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने कहा है।



---

## वाहन चेकिंग अभियान में 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध की गई एमवी एक्ट की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की खैर नहीं अब शराब पीकर चलाते पाए गए तो चालान के साथ गाड़ी भी जब्त की जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात नियमों के उल्लघंन सहित शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पुलिस द्वारा वाहन चेक प्वाईंट लगाकर सभी दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों के चालकों की जांच की। मुख्य सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के चालक की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की। यातायात प्रभारी सहित थाना-चौकी की पुलिस ने 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की जिसमें 9 चालक शराब के नशे में पाए गए जिनके विरूद्ध इस्तगाशा न्यायालय पेश किया गया।

- 9 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए

थाना-चौकी की पुलिस वाहन चेकिंग प्वाईट पर मुस्तैदी से चेकिंग की गई। पीछले माह जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 9 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जिनकी गाड़ी जब्त किया गया है वहीं बिना हेलमेट के 10, बिना सीट बेल्ट के 51, नियम तोड़ने के 269, तेज गति से वाहन चलाने 11, माल वाहक पर यात्री परिवहन के 11 व यातायात नियमों के उल्लघंन पर 1 हजार 210 सहित कुल 1 हजार 569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 3 लाख 13 हजार 4 सौ रूपये समन शुल्क किया। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## नगर के बीच पेड़ पर मधुमक्खियों के छत्तों से मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के बीच मौजूद सेमर के पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है। बीच नगर में पेड़ पर मौजूद छत्तों के कारण हर समय मधुमक्खियों के हमले का ख़तरा बना हुआ है। ऐसे ने वार्डवासियों ने तत्काल इस छत्ता को हटाने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ से करते हुए ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड कमांक 7 महुआपारा पानी टंकी के पास स्थित सेमर के पेड़ में काफी संख्या में मधुमक्खियों के बड़े बड़े छत्ते मौजूद है। छत्तों से मधुमक्खियों का झुण्ड हर समय मंडराता रहता है और यही वजह है कि लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पतझड़ में पेड़ से पत्ते गिरने के बाद पेड़ पर मौजूद छत्तों को देखकर लोगों में डर का माहौल है। लोगों को हर समय मधुमक्खियों के हमले का डर बना रहता है। इसके साथ ही आस-पास निवासियों, दुकानदारों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं का मुख्य मार्ग पर आने-जाने से परेशानी हो रही है। ऐसे में वार्ड के लोगों ने तत्काल पेड़ व छत्ते को हटाने की मांग करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान विजय यादव, दिपक कुमार सोनी, प्रदीप सोनी, हैदर अली आदि मौजूद थे।



**हटाएंगे छत्ता**

वृक्ष कटाई अधिनियम के तहत वन विभाग और राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट मंगाई गई थी। रिपोर्ट आई है कि मधुमक्खी का छत्ता तो है उस कारण पेड़ काटना उचित नहीं है। लोकहीत के आधार में ग्राउंड बनता है तो वृक्ष कटाई करेगें, अन्यथा मधुमक्खी का छत्ता हटाएंगे।
-राजीव जेम्स कुजूर, एसडीएम

---

## कॉलरीकर्मी को लोन दिलाने के नाम पर सहकर्मी ने की 40 लाख रूपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कॉलरी कर्मी को लोन दिलाने के नाम पर सहकर्मी ने पहले उसके नाम से एसबीआई बिश्रामपुर शाखा से चेक बुक जारी कराया और बाद में सूरजपुर व अंबिकापुर स्थित अलग अलग फाइनेंस कंपनियों से चालीस लाख रुपये लोन की राशि को निकालकर हड़प लेने का मामला सामने आया है, उक्त मामले में प्रार्थी कॉलरी कर्मी रामधन पिता चमरू 56 वर्ष जाति कंवर निवासी सुदामनगर चौकी करंजी की शिकायत जांच पश्चात मामला सही पाए जाने पर अजाक पुलिस ने साथी कॉलरी कर्मी होमदास पिता स्व. हीरालाल निवासी क्वार्टर नंबर 671 चोपड़ा कॉलोनी बिश्रामपुर व एक अन्य महिला सीमा प्रजापति निवासी हॉटमेन कॉलोनी थाना भटगांव के खिलाफ धारा 120 बी, 294, 420, 506 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।घटना करीब तीन वर्ष पूर्व की बताई गई है।

- सहकर्मी समेत एक अन्य के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज
- मुख्य आरोपी अपनी पत्नी के नाम से स्टेट बैंक बिश्रामपुर में कमीशन एजेंट के रूप में करता है काम

आजाक पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामधन राम पिता चमरू जो एसईसीएल बिश्रामपुर में टेंडल के पद पर कार्यरत है, करीब तीन वर्ष पूर्व उसे पैसे की आवश्यकता महसूस होने पर उसने अपने साथी कोल कर्मी होमदास जो अपनी पत्नी के नाम पर एसबीआई बिश्रामपुर में बतौर कमीशन एजेंट के रूप में काम भी करता है, उसके स्टेट बैंक में अच्छी जान पहचान होना जान कर उससे प्रार्थी ने लोन दिलाने की बात की जिस पर होमदास तैयार हो गया, आरोपी होमदास ने पहले उसके एसबीआई बिश्रामपुर के बचत खाते से चेक बुक जारी कराया और बाद में उसे अंबिकापुर व सूरजपुर स्थित अलग अलग फाइनेंस कंपनियों में ले जाकर कई दस्तावेजों व चेक में हस्ताक्षर करा लिया।लोन पास होने के बाद लगातार उसके खाते से रकम कम होने लगी, तब उसने अपने साथी कोलकर्मी होमदास को खाते से पैसा कटने की जानकारी दी।कुछ दिनों बाद साथी कर्मी उसे लेकर बिश्रामपुर बैंक पहुंचा और बैंक प्रबंधन से पैसा कटने का कारण जाना तब पता चला कि उसके खाते से करीब 40 लाख रुपये का लोन ले लिया गया है,उसी लोन की राशि खाते में से बतौर ईएमआई हर माह की किश्त खाते में से काटी जा रही है।जब रामधन को उसके खाते से चालीस लाख रुपये लोन लिये जाने की जानकारी मिली तो उसके होश उड़ गए और उसने साथी कर्मी के साथ पहले करंजी चौकी पहुंचकर अपने साथ धोखाधड़ी होने की जानकारी पुलिस को दी।करंजी पुलिस ने अनुसूचित जनजाति वर्ग का मामला होने से उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी देते हुए उसे अजाक थाना सूरजपुर भेज दिया।अजाक पुलिस द्वारा आवेदन की जांच उपरांत आरोपी कॉलरी कर्मी होम दास पिता स्व. हीरालाल 55 वर्ष निवासी चोपड़ा कॉलोनी व दूसरे आरोपी सीमा प्रजापति पिता खुलेशवर प्रजापति के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में उनके संबंधित ठिकानों में दबिश दे रही है।शिकायत में बताया गया कि प्रार्थी अनपढ़ व्यक्ति है और वह किसी तरह हस्ताक्षर कर लेता है। इस बात की जानकारी रखते हुए आरोपियों ने उसके खाते से चालीस लाख रुपये लोन की राशि निकाल ली है।

---

# सरगुजा के दूसरे धर्माध्यक्ष पास्कल टोपनो की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा धर्म प्रांत के दूसरे धर्माध्यक्ष व अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व महाधर्माध्यक्ष पास्कल टोपनो की अंतिम यात्रा निकाली गई। बुधवार की सुबह 9 बजे उनके स्व. टोपनो के निवास रिंगरोड नमनाकला स्थित ख्रीस्त मिलन आश्रम से निकली अंतिम यात्रा नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजघर में सम्पन्न हुई। इस दौरान अंतिम यात्रा में शामिल होने लोगों का हुजूम उमड़ पडा। अंतिम यात्रा के दौरान रोड के दोनों तरफ मानव श्रृंखला बना कतारों में हजारो की संख्या में समुदाय के लोग पुष्प वर्षा कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे।

- हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग, नगर में निकाली गई अंतिम यात्रा, की गई पुष्प वर्षा

महागिरिजाघर में प्रातः 10 बजे सेअन्तिम संस्कार से जुड़े समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। धर्मविधि के मुख्य अनुष्ठाता अम्बिकापुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में श्रधांजलि मिस्सा समारोह को डेढ़ दर्जन धर्माध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराए। इस अवसर पर बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा की हमारे बीच से एक सरल सहज व्यक्तित्व के धनी पास्कल टोपनो जी अंतिम यात्रा पर निकले चुके हैं और वह असंख्य संत समाज की संगति का आनंद लेने स्वर्ग धाम पहुंच चुके हैं। उनके अंतिम संस्कार में अपनी संवेदना व्यक्त करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भोपाल महाधर्मप्रान्त के महाधर्माध्य आरोकिया सेबास्टिन दुरई राज, रायपुर माहाधर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष व्हिक्टर हेनरी ठाकुर, रायपुर के पूर्व महाधर्माध्यक्ष जोसेफ अगस्टिन, स्व.पास्कल टोपनो के गृह धर्मप्रांत खूंटी से पधारे धर्माध्यक्ष बिनय कंडुलना, उज्जैन के धर्माध्यक्ष सेबास्टियन वाडाकेल, हजारीबाग के धर्माध्यक्ष आनन्द जोजो,गुमला के धर्माध्यक्ष लिनुस पिंगल, रायगढ़ के धर्माध्यक्ष पौल टोप्पो,जशपुर के धर्माध्यक्ष इम्मानुएल केरकेट्टा, जबलपुर के पूर्व धर्माध्यक्ष जेराल्ड अल्मेडा, अम्बिकापुर के पूर्व धर्माध्यक्ष पतरस मिंज, येसु समाज के प्रोव्हिंशियल फा. रंजित तिग्गा, विभिन्न धर्मसमाजों के प्रोव्हिंशियल्स और विभिन्न धर्मप्रान्तों से आए हुए पुरोहित, धर्मबहनें, फादर जार्ज ग्रे कुजूर फ़ा ज्ञान, फ़ा अनिल एक्का, पूर्व महापौर अजय तिर्की, अरुण मिंज, भानु खलखो आदि शामिल हुए।



**पूर्व डिप्टी सीएम ने जताया शोक**

कैथोलिक ईसाई समाज के सरगुजा धर्मप्रांत के दूसरे धर्माध्यक्ष और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व महाधर्माध्यक्ष स्व पास्कल टोपनो के निधन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शोक व्यक्त किया है। वहीं उनकी अंतिम यात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने गांधी चौक पर उनकी अंतिम यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, मो इस्लाम, सत्येंद्र तिवारी, मो.अब्बास, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, रसीद अहमद, अनिल सिंह, विनोद एक्का, संजीव मंदिलवार, राजू अग्रवाल, वेद प्रकाश शर्मा, अरुण मिंज, अनूप मेहता, अशफाक अलि, आशीष वर्मा, शिवेश सिंह, मो कलीम अंसारी, गुड्डू मेराज, दीपक मिश्रा, अजय सिंह, मो जिलानी, प्रमोद चौधरी, चंद्रप्रकाश सिंह, मो बाबर, काजू खान, निखिल विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, अमित सिंह, आतिश शुक्ला, दिनेश शर्मा, मो अख्तर चम्मा, जवाहर सोनी, परवेज आलम गांधी, मो. इमरान, राजू सिंह, जयभगवान अग्रवाल, अनिकेत सोनी आदि मौजूद थे।

---

### एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

**अम्बिकापुर।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में राजीव भवन स्थित कार्यालय में एनएसयूआई का ध्वज फहराया गया। छात्र नेताओं ने वृद्धा आश्रम और अनाथ आश्रम में फल, मिठाइयां, आवश्यक दवाएं और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया।
महाविद्यालयों में छात्र संगोष्ठी के माध्यम से एनएसयूआई के उद्देश्य और किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी गयी।









-: शोक संदेश :-

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:।
न चैन क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत:।।



स्व. श्रीमती त्रिवेणी मूंदड़ा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **श्रीमती त्रिवेणी मूंदड़ा** का आकास्मिक निधन दिनांक 09/04/2025 दिन बुधवार को गया है जिनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्ति धाम में दिनांक 10/04/2025 को सुबह 10 :00 बजे किया जाएगा।

शोकाकुल
विष्णुगोपाल मुंदड़ा पति
भारत मुंदड़ा, अनिल मुंदड़ा पुत्र, मोहित मुंदड़ा पौत्र,
प्रिया मुंदड़ा, विद्या मुंदड़ा, वारुणी मुंदड़ा सुपौत्री एवं समस्त मुंदड़ा परिवार